166/93-20

गोपनीय

प्राथमिकता/बैठक/समयबद्ध/तत्काल निर्गत

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश

संख्याःडीजी–आठ–140(10)2020

लखनऊःदिनांकः जून 09, 2020

सेवा में,

श्री सुनीत कुमार द्विवेदी,
अनु सचिव,
गृह(गोपन) अनुभाग–4,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

विषयः **प्रवासी भारतीयों (एन.आर.आई.) को प्रदेश में आर्थिक एवं तकनीकी विकास में सहयोग/पूँजी निवेश के लिये प्रेरित करने की कार्ययोजना के सम्बन्ध में दिनांकः 09.06.2020 को आहूत बैठक हेतु सूचना उपलब्ध कराये जाने विषयक।**

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्याः 140/ 20 /8/ 1/ 20–सी0एक्स0–4, दिनांकः 05.06.2020 तथा उसके साथ संलग्न प्रमुख सचिव, एन0आर0आई0 अनुभाग के पत्र संख्याः 158/93–20–17एन0आर0आई0(मीटिंग), दिनांकः 05.06.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रवासी भारतीय विभाग की निर्माणाधीन वेबसाइट/वेब पोर्टल–nri.up.gov.in में विभिन्न विभागों की निवेश परक् नीतियों/शासनादेश आदि का समावेश कर विदेशों में बसे प्रवासी भारतीयों को प्रदेश में आर्थिक एवं तकनीकी विकास में सहयोग/पूँजी निवेश के लिये प्रेरित करने की कार्ययोजना के सम्बन्ध में **प्रमुख सचिव, एन.आर.आई. , उ0प्र0 शासन की अध्यता में दिनांकः 09.06.2020 को अपरान्ह 03.00 बजे लोक भवन के सी ब्लॉक के प्रथम तल स्थित औद्योगिक विकास विभाग के सभा कक्ष में आहूत बैठक में संगत सूचना दिनांकः 08.06.2020 तक शासन को उपलब्ध कराते हुये उक्त बैठक में प्रतिभाग किये जाने की अपेक्षा की गई है।**

2– प्रमुख सचिव, एन.आर.आई. विभाग, उ0प्र0 शासन के सन्दर्भित पत्र दिनांकित 05.06.2020 के प्रस्तर–3 **में प्रवासी भारतीयों की समस्याओं एवं निवेश से जुड़े प्रमुख विभागों यथा–गृह, पर्यटन, सूचना, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, एमएसएमई, औद्योगिक विकास, हथकरघा, वस्त्र उद्योग एवं आई0टी0 इलेक्ट्रॉनिक्स, व्यवसायिक शिक्षा व राजस्व विभाग तथा उद्योग बन्धु उक्त समस्त कार्यालय के लिये अपने विभाग से एक उचित स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करते हुये उनका नाम, पदनाम तथा सम्पर्क सूत्र (मोबाइल एवं ई–मेल) शासन/श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता, अनु सचिव, प्रवासी भारतीय विभाग को पत्र में अंकित उनके ई–मेल पर यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई है ताकि समय–समय पर उनका सहयोग तथा उपयोगी सुझावों को नवनिर्मित बेवसाइट में सम्मिलित किया जा सके।**

3– अतः निदेशानुसार मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 स्तर से पुलिस विभाग से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में निम्नांकित अधिकारी को पदनाम से नोडल अधिकारी नामित किया जा रहा हैः–

नाम	पदनाम	मोबाइल नम्बर	ई–मेल आई डी
श्री कुन्तल किशोर	पुलिस अधीक्षक, कानून–व्यवस्था, उ0प्र0	9454400202	splouppolice@gmail.com

4– उक्त अधिकारी को **शासन में दिनांकः 09.06.2020 को अपरान्ह 03.00 बजे आहूत उक्त बैठक में प्रतिभाग करने हेतु भी भेजा जा रहा है।**

(सुखराम भारती)
अपर पुलिस अधीक्षक, कानून–व्यवस्था
निमित्त–पुलिस महानिरीक्षक कानून–व्यवस्था
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपिः श्री राजेन्द्र गुप्ता, अनु सचिव, प्रवासी भारतीय विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को उक्त सम्बन्ध में कृपया उनके ई–मेल sonri.up@gmail.com पर सूचनार्थ प्रेषित।